संक्षिप्त

जगन नाथ विश्वविद्यालय में किसान मेला आज

चाकसू। कस्बे के टोंक रोड बाईपास स्थित जगन नाथ विश्वविद्यालय परिसर में एक विशाल किसान मेले का आयोजन कृषि संकाय के सौजन्य से किया जा रहा है। डॉ. पी. एन. कल्ला अधिष्ठाता कृषि संकाय ने बताया कि मेले का उद्घाटन प्रातः 11 बजे कृषि मेले के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा करेंगे। इस समारोह के विशिष्ठ अतिथि चाकसू विधायक रामावतार बैरवा होंगे। विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ. बलराज सिंह कुलपति करण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, डॉ. अभय सिंह व्यास कुलपति कृषि विश्वविद्यालय, कोटा, डॉ. त्रिभुवन शर्मा,कुलपति पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोबनेर होंगे।इस मेले के मुख्य आकर्षण कृषि सम्बन्धित समस्याओं का समाधान, मिट्टी पानी की जांच, पशुओं सम्बन्धी समस्या एवं समाधान, किसान ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक संबंधी जानकारी किसानों को निःशुल्क प्राप्त होगी।

विमल अग्रवाल बने अध्यक्ष

मालपुरा। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुफ मालपुरा की हुई बैठक मे विमल कुमार अग्रवाल कठमाणा वाले को सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान मौजूद जैन सोशल ग्रुफ से जुडे जैन समाज के प्रबुद्धजनो ने संरक्षक के रूप मे एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन जैन,प्रकाश चन्द पाटनी,विमल कुमार डेठाणी,माणक चन्द कम्पाउंडर,पन्नालाल जैन,विमल कुमार लावा, पवन सुराशाही,सचिव पद पर अभिषेक सोगाणी,कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट अनीस कुमार जैन,को मनोनीत किया गया तो कार्यकारिणी सदस्यो के रूप मे एडवोकेट पीयूष जैन,अरविन्द सेठी,पवन कुमार कागला,दिनेश जैन कालेडा,अनिल कुमार पीपल्या,कमलेश कासलीवाल,महावीर पाटोदी,रिखभ चन्द जैन,संजय जैन,अमित जैन को जिम्मेदारी दी गई।

हाईवॉल्टेज करंट से झुलसा मजदूर

मालपुरा। मालपुरा सदरपुरा रोड पर आवासीय कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की छत डालने के लिये लिफ्ट मशीन लगाने के दौरान पास से गुजर रही हाईवॉल्टेज विधुत लाईन मे प्रवाहित करंट की चपेट मे आने से मशीन पर काम कर रहै मजदूर पथराज निवासी रामकरण पुत्र भूरालाल रेगर की पीठ बुरी तरह झुलस गई। अचानक हुये हादसे मे एक अन्य मजदूर भी चपेट मे आ गया। सुचना पर पहुंची 1०8 एम्बूलेंस पायलट पुखराज व ईएमटी संजय व्यास ने तत्काल श्रमिक को मालपुरा जिला अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ति करवाया गया।

मांगों को लेकर बैंक कर्मी करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल

निवाई। यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के प्रदेश आ ान पर मांगों को लेकर सभी बैंक कर्मी बैंकिंग कार्यो का बहिष्कार करके राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। यूनियन के महा सचिव महेश मिश्रा व निवाई इकाई अध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि बैंको में पर्याप्त भर्ती, 5 दिवसीय बैंकिंग को लागू करने, लंबित मुद्दों का समाधान करने, नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करने व यूएफबीयू की अन्य माँगों का समाधान करने सहित कई मांगों को लेकर 24 व 25 मार्च को बैंक कर्मी बैंकिंग कार्यो का बहिष्कार करके राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे।

जिला स्तरीय बैठक आज

निवाई। अखिल भारतीय रैगर महासभा की जिला स्तरीय बैठक रविवार को दोपहर 1:30 बजे जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में अन्नपूर्णा बम्बोर रोड पर स्थित छात्रावास भवन में आयोजित होगी। महामंत्री रामभज वर्मा ने बताया कि बैठक में पंचम जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। महासभा आपके द्वार कार्यक्रम की कार्य योजना बनाई जाएगी

अनमोल ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

चाकसू। उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू में अध्यनरत अनमोल सैनी पुत्र त्रिलोक चंद सैनी कक्षा 5 ने विद्या भारती संस्थान जयपुर प्रांत द्वारा आयोजित अंग्रेजी श्रुतलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने की माँग, 18 दिन से हड़ताल जारी

- लगातार अधिवक्ता बैठे क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल पर
- पार्षद ने दिया डीजे कोर्ट की मांग को लिखित समर्थन

कोटपूतली। नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय व इसके समकक्ष जिला न्यायालयों को खुलवाये जाने की माँग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में कोटपूतली के अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन व पेन डाउन हड़ताल शनिवार को लगातार 18 वें दिन भी संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में बदस्तूर जारी रही। इन 18 दिनों की हड़ताल में यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में 12 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है।

साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। वहीं दुसरी ओर शनिवार को लगातार 10 वें दिन भी अधिवक्ता क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल पर बैठे। अपर

न्यायालयों को खुलवाये जाने की माँग को लेकर कोटपूतली के अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया।

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में प्रदीप बंसल, चन्द्रप्रकाश सैनी, अनिल मीणा, सुभाष मीणा व योगेश सैनी ने क्रमिक अनशन किया। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। वहीं न्यायालय परिसर में पहुँचे पार्षद रामकरण सुद, नाहरसिंह पायला, रामबाई, राजेन्द्र मीणा, रिंकू देवी व उमेश आर्य आदि ने वकीलों की मांग को अपना पूर्ण समर्थन दिया। वहीं खड़ब सरपंच मालाराम गुर्जर ने भी लिखित में उक्त मांग को अपना समर्थन दिया है। वहीं दुसरी ओर अभिभाषक संघ की ओर से इस मांग को लेकर बड़े आन्दोलन की तैयारी की जा रही है। सोमवार को न्यायालय परिसर में इस सम्बंध में बड़ी सभा का आयोजन होगा। जिसमें कोटपूतली बंद समेत आगामी आन्दोलन की रूपरेखा भी तय की जायेगी। सभा में जनप्रतिनिधियों, व्यापार मण्डलों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि को भी आमंत्रित किया गया है।

वहीं कोटपूतली बंद की तैयारियों को लेकर संघ का प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मैथली शरण बंसल समेत अन्य पदाधिकारियों से मिला। साथ ही आगामी रूपरेखा भी बनाई। उल्लेखनीय है कि डीजे कोर्ट की माँग को लेकर निरन्तर सम्पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जा रहा है।

इसको लेकर अब अभिभाषक संघ आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहा है। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी।

तीन दिवसीय यज्ञ का समापन

शाहपुरा। ग्राम कुम्भावास में लोक देवता हीरामल कालश जी महाराज धाम पर चल रहे तीन दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम संपन्न हुआ। तीन दिवसीय 11 कुण्डीय महायज्ञ की पूर्णाहुति में महामंडलेश्वर प्रहलाद दास महाराज कुंडा धाम, महामंडलेश्वर बनारसी दास महाराज अवधपुरी त्रिवेणी धाम के सानिध्य में संतों ने पूर्णाहुति दी। इस दौरान संतों ने कहा कि धार्मिक आयोजन से जनता का कल्याण होता है। कार्यक्रम में आसपास सहित दूर-दराज के श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान के दर्शन कर पुण्य कमाया। श्रद्धालु ने माथा टेक कर प्रसाद चढ़ाया। इस दौरान लोक देवता का पाटोत्सव भी मनाया गया। इस कार्यक्रम के लिए आसपास के ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहता है और इस आयोजन के लिए आसपास के ग्रामीण सेवा में तत्पर रहते है। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन पर किया गया जिसमें आसपास के ग्रामीणों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर शाहपुरा प्रधान मंजू शर्मा, मुलचंद पायला सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मालाखेड़ा-उमरैण आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार में बड़ा घोटाला

- महिलाओं का आरोप, ठेकेदार के द्वारा छह माह पुराना पोषाहार आंगनवाडी केन्द्रों पर किया जा रहा है सप्लाई
- कई आंगनवाडी केन्द्रो की कागजों में हो रही है पोषाहार व सेनेटरी नैपकिन की सप्लाई

अलवर। नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक टीकाराम जूली के अभेद किले अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में महिला बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर बांटने वाला पोषाहार गर्भवती,धात्री महिलाओं व बच्चों का पोषण न करके उन्हें बीमार बना रहा है आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बटने वाला यह पोषाहार बैक डेट का होता है वहीं कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार सिर्फ कागजों में बाटा जा रहा है यह आरोप ग्रामीण लाभार्थी महिलाओं ने लगाया है। इस मामले को विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के संज्ञान में भी लाया जाएगा।

ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने बताया कि मालाखेडा व उमरैण पंचायत में पडने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार समय पर नही बांटा जा रहा है और जो बांटा जा रहा है वह चार से पांच माह पुराना होता है उसे खाने से उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। जब इस बारे में दोनों पंचायतों के करीब दो दर्जन से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों का सर्वे किया तो महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोप सत्य साबित हुए।

केन्द्र में पोषाहार के कट्टों पर मॉकर पेन से तारीख उसी महीने की डाली गई थी जिस महिने पर पोषाहार बांटा जा रहा था लेकिन कट्टें के अंदर निकले पैकेटों पर पैकिंग तारीख चार से पांच माह पुरानी मिली है इससे साफ जाहिर है कि सरकार गर्भवती महिलाओं, धात्री और बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए मालाखेड़ा और उमरैण पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर करीब 80 लाख का पोषाहार हर माह भेजती है लेकिन ठेकेदार और महिला पर्यवेक्षकों की मिलीभगत के चलते उन्हें बैक डेट का पोषाहार खिलाया जा रहा है। कई महीनों से पोषाहार बांटा तक नही गया है वहां यह पोषाहार सिर्फ कागजों में बांटा जा रहा है जो जांच का विषय है।

करीब साठ लाख रुपये के सेनटरी नैपकिन महिलाओं को वितरित करने के लिए बजट हर माह देती है लेकिन यह सेनटरी नैपकिन कई महीनों तक आंगनवाडी केन्द्रों पर नही बांटे जा रहे आखिर सरकार के साठ लाख रुपये जा कहा रहे है या फिर यू कहे ये सेनटरी नेपकीन कहा जा रहे है यह भी बडी जांच का विषय है। वही विभाग ने अपना पल्ला झाड़ते हुए इसे कंपनी की गलती बताई है कि कंपनी बाहर कुछ और अंदर कुछ डेट डाल रही है।

नीनू त्रिपाठी-बाल विकास परियोजना अधिकारी मालाखेड़ा का कहना है कि मुझे इस मामले की अभी जानकारी नही है आपने ही मुझे बताया है मुझे अभी यहां लगे ज्यादा समय नही हुआ है मैं इस मामले की जांच कराती हूं।

नगर कीर्तन यात्रा का देवली शहर पहुंचने पर किया स्वागत

देवली । शनिवार को यहां स्थानीय गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा की नानक नाम लेवा संगत ने धुआं कला गुरुद्वारा जाने वाली नगर कीर्तन यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जो बोले सो निहाल के जय घोष लगाएं गए।

नगर कीर्तन यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई स्थानीय श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पहुंची इस अवसर पर यात्रा में शामिल सैकड़ो यात्रियों को

- बाबा धन्ना भगत की तपोस्थली धुआं कला गुरुद्वारा पहुंची नगर कीर्तन यात्रा
- रविवार को धुआं कला गुरुद्वारा में होगा विशाल समागम

स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी ने अल्पाहार प्रसादी वितरण की। जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटा अगम गढ़ गुरुद्वारा से धुआं कला गुरुद्वारा जाने के लिए नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। नगर कीर्तन यात्रा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी रथ वाहन में विराजमान रहे। नगर कीर्तन यात्रा श्री

नगर कीर्तन यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई स्थानीय श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पहुंची।

गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगुवाही में पंज प्यारों के साथ तालेडा बूंदी हिंडोली होते हुए देवली शहर पहुंची इस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा की कमेटी एवं नानक नाम लेवा साध संगत ने यात्रा में शामिल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी एवं पंज प्यारों पर पुष्प वर्षा की और यात्रा में शामिल सैकड़ो यात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा की नानक नाम लेवा संगत एवं कमेटी ने नगर कीर्तन यात्रा में शामिल सैकड़ो यात्रियों को अल्पाहार अटूट प्रसादी वितरण की इस मौके पर साथ संगत ने जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जय घोष लगाएं तत्पश्चात नगर कीर्तन यात्रा बाबा धन्ना भगत की तपोस्थली धुआं कला गुरुद्वारा के लिए रवाना हो गई इस पुण्य कार्य में समाज के सैकड़ो पुरुष और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सेवाएं भेंट की।

खंडेला विधायक मील ने सड़क का किया शिलान्यास

श्रीमाधोपुर। कस्बे के पुराने खेड़ी जाजोद जाने वाले मार्ग पर सड़क निर्माण की वित्तीय स्वीकृति आने के बाद खंडेला विधायक सुभाष मील ढाल्यावास की चौधरियों की ढाणी में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ।

इस अवसर पर विधायक ने बताया कि सड़क की चौड़ाई ज्यादा होगी इस कारण से कोई किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न कर जनता अपने स्तर पर सुलझाकर स्वयं ही हटाकर सड़क निर्माण का कार्य करवाए ।इससे आवागमन बेहतर होगा ।यह प्रमुख रास्ता होने की वजह से साधनों का आवागमन बढ़ेगा जिससे जमीनों की कीमत बढ़ेगी। विधायक मील ने कार्यक्रम की संबोधित करते हुए पूर्व में कहा कि इस प्रमुख रास्ते में सड़क बनाने के लिए मुझे चुनाव लड़ने से पहले ग्रामवासियों ने कहा था जो इस रोड का शिलान्यास कर मैने अपना वादा पूरा किया।

इस अवसर पर हिमांशु जोशी ,शंकर लाल चोटिया ,मुकेश बुगालिया व सभी ढाणी के वाशिंदों ने विधायक का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया , छालिया वाली जोहड़ी मंदिर महंत शंकर लाल चोटिया ने हरलाल बिजारणियां व ढाल्यावास सरपंच कैलाश बिजारणियां का साफा पहनाकर सम्मान किया ।हिमांशु जोशी व मुकेश बिजारणियां ने बताया कि यह रास्ता जाजोद जाने वाला पुरखों का पुराना रास्ता जिसमें पहले प्राइवेट बसे चला करती थी बाद में यह रास्ता जीर्ण शीर्ण होता चला गया।

शंकर लाल चोटिया ने बताया कि इस मार्ग में सड़क बन जाने से श्रीमाधोपुर से ढाल्यावास, खेड़ी, जाजोद, गोविंदपुरा, सुंदरपुरा, उदयपुरा, पलसाना, आदि गांवों की बेहतर कनेक्टिविटी हो पाएगी, गौरतलब है कि विधायक ने सीलपुर से ज्ञानपुरा तक बनने वाली सड़क में इस 4 किलोमीटर की डामर सड़क का शिलान्यास किया ,इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों द्वारा किए गए मान सम्मान का हृदय से आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर, मुकेश बुगालिया, बिरजू बगड़िया, प्रमोद मीणा, मोहित बिजारणियां, श्याम बुगालिया, मालीराम सैनी सहित प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन विजयपाल ने किया, अंत विधायक ने कहा जनता को आश्वस्त किया उनके द्वारा की गई हर घोषणा पूरी होगी चाहे उसमें थोड़ा समय लग जाए।

सामूहिक विवाह समारोह में 19 जोड़ों का हुआ विवाह

अलवर। सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति, अलवर के तत्वाधान में "28वां अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह" 19 जोड़ों का प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रसेन सर्किल के पास अलवर में आयोजित किया गया।

समिति प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि सर्वप्रथम 19 दूल्हों की सामूहिक बारात निकासी को समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धाराभाई) समिति विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रातः 9.00 बजे काशीराम चौराहा पास अलवर से रवाना करते हुए रोड़ नम्बर-2, भगत सिंह सर्किल, मण्डी पुलिया, अग्रसेन सर्किल होते हुए दोपहर 12.00 बजे विवाह समारोह स्थल प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) पहुँची। रास्ते में आजाद फलसब्जी मण्डी युनयिन घंटाघर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समारोह स्थल पर आर्चाय रामकिशन पांडे एवं अन्य पंडितों द्वारा तोरण, वरमाला एवं

अखिल भारतीय सैनी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ।

पाणिग्रहण संस्कार की सामुहिक रस्में सम्पन्न करवाई गई।

दोपहर 2 बजे आर्शीवाद समारोह में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव की सुपुत्री कु. प्रज्ञा यादव, भाजपा अलवर (दक्षिण) जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता कार्यक्रम संरक्षक अभय सैनी (पप्पू भाई प्रधान) रामगढ़ नगरपालिका चेयरमैन शकुन्तला सैनी, जलदाय विभाग एस.सी. रमेशचन्द सैनी, नायब तहसीलदार खेमचन्द सैनी, तिजारा सैनी समाज अध्यक्ष कृष्ण सैनी, मालाखेडा समाज अध्यक्ष लालाराम सैनी, रामगढ़ पंचायत समिति उप प्रधान अतर सिंह सैनी सहित अनेक प्रतिनिधियों कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वर-वधुओं आर्शीवाद देते हुए कहाँ कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम वर्तमान समय की आवश्यकता है।

ऐसे कार्यक्रमों से समाज में समानता एवं समरसता की भावना

- 19 जोड़ों का प्याज मण्डी (नई सब्जी मण्डी) अग्रसेन सर्किल के पास अलवर में आयोजित किया

जाग्रत होती है, सैनी समाज के साथ-साथ अन्य समाजों को भी ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर आयोजन करने चाहियें साथ ही लगातार 28वॉ सामूहिक विवाह का आयोजन करना एक अच्छी पहल है जिसमें युवावर्ग एवं शिक्षित वर्ग को भी आगे आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सैनी महासभा जिलाध्यण पूरणमल सैनी ने कहा कि हमे वर्तमान समय में समाज में फिजूलखर्ची को रोक कर शिक्षा एवं व्यवसाय में पैसा लगाकर समाज हित में बालिका छात्रावास के निर्माण की बात पर जौर दिया।

शास्त्री की 18 वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

कोटपूतली। अपने जीवनकाल में कोटपूतली को जिला बनाने के लिये निरन्तर प्रयासरत रहे कस्बे के मौहल्ला सराय निवासी कोटपूतली जिला निर्माण संघर्ष समिति के संस्थापक अध्यक्ष व संयोजक स्व. वैद्य बालाबक्श शास्त्री की 18 वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में आगन्तुकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने स्व. शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके जिला निर्माण के संघर्ष का स्मरण किया। इस मौके पर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया व सार्वजनिक स्थल पर स्व. शास्त्री की प्रतिमा लगवाये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संचालन राजेश ढ़ोढू ने, वहीं कोटपूतली ऑयल व फ्लोर मील संघ एवं ब्राह्मण महासभा के सराय मौहल्ला ईकाई अध्यक्ष ओमप्रकाश सारस्वत ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष नवरत्न शर्मा, नगर अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा, महामंत्री वी के नवल शर्मा, प्रमोद पारीक आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

फुलेरा । कस्बे की जोबनेर रोड़ स्थित सेठ सूरजमल अग्रवाल महात्मा गांधी विद्यालय में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ज्ञानप्रकाश दायमा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान दायमा ने अपने संबोधन में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान, प्रायोगिक ज्ञान और नवीन खोजों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान का उद्देश्य छात्रों में तर्कसंगत दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार हेतु प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित से जुड़े प्रश्नों पर चर्चा की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। विद्यालय परिवार ने इस पहल को विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। इसके साथ ही भविष्य में भी ऐसे प्रेरणा दायक सत्रों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर अनेक लोग उपस्थित रहे।

रामहेत यादव जिला संयोजक बने

किशनगढ़ बास। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थापन पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नव सृजन-2025 की प्रदेश स्तरीय समिति में जिला अलवर उत्तर के रामहेत सिंह यादव सदस्य भाजपा राष्ट्रीय परिषद एवं पूर्व विधायक किशनगढ़बास को जिला संयोजक, रमेश रावत व अनूप यादव को सहसंयोजक नियुक्ति किया है। भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत सिंह यादव को जिला संयोजक बनाये जाने पर किशनगढ़ बास मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल ने शुभकामनाऐं दी है। इस अवसर पर मित्तल के साथ, भाजयुमो अध्यक्ष तेजसिंह सैनी, महामंत्री जयसिंह सरदार, भाजयुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष विश्वास यादव, झिरण्डीया सरपंच अशोक, मंत्री सुगन सिंह, पार्षद मनीष लख्याणी , सोदान सैनी, हीरू हरवानी, राहुल खेड़ला, सुनील पंवार ने बधाई दी।

जांच के लिए कमेठी गठित

निवाई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चैनपुरा में प्रधानाचार्य पद पर नियुक्त मीनाक्षी गुनावत की जांच के लिए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने बताया कि गांव महाराजपुरा व चैनपुरा के ग्रामीणों ने 29 दिसंबर को प्रधानाचार्य मीनाक्षी गुनावत के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता, छात्र-छात्राओं, एसडीएमसी सदस्य व ग्रामीण विरोधी कार्यशैली विधायक प्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार अधिनस्त कार्मिकों को डराने, महिला अधिकारों की धमकियां व अनुसूचित जाति जनजाति संवर्ग संबंधी कार्यवाही की धमकी एवं राजकीय राशि का अनुचित उपयोग करने की शिकायत की गई थी। जिसको लेकर जांच कमेठी का गठन किया गया है। कमेठी में प्रधानाचार्य नोहटा रामजीलाल मीणा, झिलाय प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा, श्री रामपुरा प्रधानाचार्य सुरेशचन्द गुर्जर व वरिष्ठ सहायक सत्येन्द्रसिंह राजावत को शामिल किया है। उन्होंने बताया कि गठित कमेठी को 7 दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया है।

नो ग्राम पंचायतों में बनेगा अटल पथ

चौमू / कालाडेरा । राज्य सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं की 9 ग्राम पंचायतो में अटल पथों के निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवम् पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। विधानसभा क्षेत्र चौमूं की ग्राम पंचायत उदयपुरिया, सामोद, गोविन्दगढ़, हाड़ौता, जैतपुरा, चीथवाड़ी, अनंतपुरा- जेतपुरा, सिंगोद कलाँ और किशनमानपुरा में अटल पथ की स्वीकृति मिली है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की 9 ग्राम पंचायतों में अटल पथो के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली हैं। उन्होंने बतायाकि राज्य द्वारा प्रदेश में गांवों को शहरों, बड़े कस्बों या जिले की मेजर सड़कों से बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए सरकार ने अटल पथ बनाने की योजना शुरू की है।

देवानीक सिंह का भारतीय सेना में चयन

कोटपूतली। जिले के बानसूर क्षेत्र की ढ़ाणी दौलतसिंह की निवासी देवानीक सिंह शेखावत का भारतीय सेना में चयन हुआ है। कृषि-विज्ञान केंद्र गोनेड़ा (कोटपूतली) में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं टैरीटोरियल आर्मी में कर्नल पद पर सेवारत डॉ. सुपर्ण सिंह शेखावत ने बताया कि उनके पुत्र देवानीक ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित सैन्य परीक्षा में चतुर्थ रैंक प्राप्त कर ना केवल परिवार का, अपितु पूरे जिले का मान बढ़ाया है और देवानीक की माता डॉ. भारती चूण्डावत (जयपुर में फिजियोथेरेपिस्ट) के संरक्षकत्व में ही यह गौरव प्राप्त हुआ। दादा प्रो. जसवन्त सिंह शेखावत ने बताया कि सेना के लिये चयनित होकर देवानीक ने अपने परिवार की उस परम्परा को आगे बढ़ाया है जिसकी कई पीढियों ने सेना में अपनी सेवायें दी हैं। देवानीक के परिवार से दफदार गुलाबसिंह, कैप्टन शिवनाथसिंह, मेजर प्रतापसिंह, ब्रिगेडियर सौरभसिंह शेखावत ने (कीर्तिचक्र, शौर्य चक्र, विशिष्ठ सेवा मैडल, सेना मैडल) प्राप्त किये है।

ध्वजा यात्रा निकाली

नारायणपुर । ग्राम पंचायत बिलाली के जैतपुर गाँव में 2 मार्च को आयोजित होने वाले देवनारायण महाराज का भंडारा और जागरण से पूर्व शनिवार को ग्रामीणों द्वारा ध्वजा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा की शुरुआत कस्बे में स्थित पीर संज्यानाथ आसण से हुई, जिसमें 601 पदयात्री डीजे के साथ पैदल यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। ट्रैक्टर-ट्रॉली में देवनारायण महाराज की आकर्षक झांकी सजाई गई, जो भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा मार्ग में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक आयोजन में गाँव के प्रहलाद, रामकुमार, उमराव, प्रेम, कैलाश, यादराम, पांचूराम, मामराज, नंदकिशोर, लीलूराम, मोहन राम नून, चेतराम डीलर, खेमचंद, संतराम, बनवारी, देशराज, शेरसिंह सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए।

स्कूल में दिये पांच कंप्यूटर सेट

श्रीमाधोपुर। ग्राम होल्याकाबास की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को भामाशाह लालचंद झरवाल द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरण कर पांच कम्प्यूटर सैट भेंट किए हैं।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गायत्री लाडला, उप प्राचार्य नाहर मल शर्मा एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा झरवाल का स्वागत सम्मान कर उनके सुखद एवं शतायु जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक दुर्गा प्रसाद शर्मा, प्रभुदयाल मीणा,सायर मल, दीपेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, श्रीमती मोनू कंवर एवं झरवाल सुवालाल जाट कृषि निदेशक जयपुर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती विमला झरवाल ने की। कार्यक्रम संचालन व्याख्याता सुरेन्द्र कुमार चेजारा ने किया।

ट्रक की भिड़ंत में सात यात्री घायल

दौसा। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर धान्या का बंध के पास शनिवार को एक बस और ट्रक की भिड़ंत में 7 यात्री घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि बस की केबिन और आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षितग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, प्राइवेट बस प्रयागराज से जोधपुर लौट रही थी, जिसमें जोधपुर जिले के टिब्बी क्षेत्र के यात्री सवार थे। ये सभी महाकुंभ में स्नान कर वापस लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। बस में सवार अधिकांश यात्री बुजुर्ग थे, जिससे हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल बस और ट्रक को हाईवे से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। यह हादसा एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी पर सवाल खड़े करता है।

फॉर्मल रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन

मनोहरपुर। ग्राम पंचायत उदावाला में सरपंच बनारसी देवी की अध्यक्षता एवं ग्राम विकास अधिकारी नीरज कुमार की उपस्थिति में शनिवार को फॉर्मल रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 250 लोग